Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to accord approval to the drinking water and irrigation project for Churu Parliamentary Constituency and Shekhawati Region in Rajasthan -laid.

श्री राहुल कस्वां (चुरू): मेरे लोकसभा क्षेत्र चुरू व शेखावाटी क्षेत्र को पेयजल व सिंचाई का जल पहुँचाने की एक बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना पर भारत सरकार द्वारा कार्य किया गया था, जिसके तहत ताजेवाला हेड से पाइपलाइन के माध्यम से यमुना नदी का जल मेरे क्षेत्र में पहुँचाने की योजना बनाई थी। भारत सरकार द्वारा इस हेतु हवाई सर्वे करवाकर कार्य भी पूर्ण कर लिया गया था, व राजस्थान सरकार को निर्देश भी जारी कर दिए गए थे कि इस योजना हेतु डीपीआर बनाये जाने का कार्य शुरू किया जाये। पूर्ववर्ती राजस्थान सरकार द्वारा इस हेतु डीपीआर बना कर भारत सरकार के पास भिजवा दी गई थी, जिसके तहत इस योजना पर कुल 20 हजार करोड़ रूपये की राशि का व्यय होना बताया गया था, जिसमे से 10 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करवाए जाने का भी प्रावधान था। लेकिन आज तक इस योजना की स्वीकृति भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जारी नहीं की गई हैं। चुरू लोकसभा क्षेत्र का अधिकतर हिस्सा रेगिस्तानी इलाका हैं और यहाँ जल की भारी कमी हैं। इसके योजना के तहत मेरे गृह तहसील राजगढ़ का जो हिस्सा लाभान्वित होगा वह पहले से ही डार्क जोन घोषित किया हुआ हैं व इस क्षेत्र में कुंओं का जलस्तर भी लगातार घटता जा रहा हैं।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध हैं की चुरू लोकसभा क्षेत्र के साथ साथ शेखावाटी क्षेत्र की आवश्यकताओं को देखते हुए इस महत्वाकांक्षी योजना को जल्द से जल्द स्वीकृत किया जावे ताकि हमारे क्षेत्र को पानी मिल सकें।